सफलता पूर्वक 4 साल

www.politelive.com

# पोलिट लाइव

दैनिक डिजिटल अखबार

*वेब चैनल *यूट्यूब न्यूज *1 लाख लोग

वर्ष : 04 अंक : 353 Reg no - JH - 04-000-1393 धनबाद, रविवार, 23 जून, 2024

A TRUSTED BRAND

CRESCENT INTERNATIONAL SCHOOL

CBSE AFFILIATED SENIOR SECONDARY SCHOOL (AFFILIATION NO. 3430385)

ADMISSION OPEN
SESSION 2024 - 2025

CLASS - 11 SCIENCE
COMMERCE & ARTS

HOSTEL FACILITY AVAILABLE
AN INSTITUTION FOR QUALITY EDUCATION
LIMITED SEATS
FIT INDIA SCHOOL
TOP 500
ISO 9001:2015

9934319186 | BARIO, KNOWLEDGE VILLAGE, GOVINDPUR, DHANBAD

# पेपर लीक समस्या से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने लागू किया नया कानून

## 10 साल की सजा, एक करोड़ रुपए का जुर्माना

पोलिट लाइव रिपोर्टर

नयी दिल्ली : नीट (यूजी) नेट तथा दूसरी परीक्षाओं में गड़बड़ी और कदाचार के आरोपों के बीच केंद्र सरकार ने प्रतियोगिता परीक्षाओं में कदाचार रोकने वाले कानून को लागू कर दिया है।

कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय की शुक्रवार रात जारी अधिसूचना में कहा गया है कि लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम, 2024 को 21 जून 2024 से लागू कर दिया गया है।


भारत का राजपत्र
The Gazette of India
EXTRAORDINARY
MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS
NOTIFICATION

इससे संबंधित विधेयक इस साल 5 फरवरी को लोकसभा में पेश किया गया था। यह 6 फरवरी को लोकसभा और 9 फरवरी को राज्यसभा में पारित हुआ था।

इस कानून के दायरे में केंद्रीय एजेंसियों संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, रेलवे भर्ती बोर्ड, आईबीपीएस और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित परीक्षाओं के अलावा केंद्र सरकार के किसी भी मंत्रालय या विभाग, और उनके अधीनस्थ या संबद्ध कार्यालयों द्वारा कर्मचारियों की भर्ती के लिए आयोजित परीक्षाएं शामिल हैं।

कानून के तहत पेपर लीक, उत्तर पत्र या ओएमआर शीट के साथ छेड़छाड़, परीक्षा के दौरान कदाचार या चीटिंग कराने, कंप्यूटर सिस्टम के साथ छेड़छाड़, परीक्षा से जुड़े अधिकारियों को धमकी देने के साथ उम्मीदवारों को ठगने के लिए फर्जी वेबसाइट बनाने आदि के लिए सजा का प्रावधान है।

इस कानून के तहत आने वाले सभी अपराधों को संज्ञेय, गैर-जमानती और नॉन-कंपाउंडेबल की श्रेणी में रखा गया है।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करने वाले मुख्य पुजारी पंडित लक्ष्मीकांत दीक्षित का निधन

- 86 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस
- अंतिम संस्कार मणिकर्णिका घाट पर किया गया,पीएम ने जताया शोक

पोलिट लाइव रिपोर्टर



बनारस :अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कराने वाले मुख्य पुजारी आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित का शनिवार सुबह निधन हो गया. परिवार के सदस्यों ने बताया कि 86 वर्षीय दीक्षित वृद्धावस्था के चलते उनका निधन हुआ है. उनका अंतिम संस्कार मणिकर्णिका घाट पर किया गया. वाराणसी के चौक इलाके के मंगलागोरी गली में स्थित अपने आवास पर सुबह लगभग 7:00 बजे पंडित लक्ष्मीकांत दीक्षित ने ली अंतिम सांस. दरअसल, 22 जनवरी को प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में अयोध्या मंदिर में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी. वाराणसी के वरिष्ठ विद्वानों में गिने जाने वाले दीक्षित महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के मूल निवासी थे, लेकिन उनका परिवार कई पीढ़ियों से वाराणसी में रह रहा है.






# ऑनलाइन गेमिंग कर साइबर ठगी करने वाले 3 अपराधी गिरफ्तार

## झरिया में हुई गिरफ्तारी, 1 करोड़ ट्रांजेक्शन के दस्तावेज मिले

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से लोगों को ठगने वाले तीन शातिर साइबर अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. उसके पास से मिले पासबुक में एक करोड़ रुपए के ट्रांजेक्शन का पता चला है. यह मामले की जानकारी देते हुए सिंदरी डीएसपी भूपेन्द्र प्रसाद राउत ने शनिवार को बताया कि एसएसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि झरिया के बनियाहीर 10 नंबर निवासी रविरंजन कुमार ठाकुर कुछ लोगों के साथ मिलकर ऑनलाइन गेमिंग के जरिए साइबर ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहा है. वह फर्जी एटीएम व सिम कार्ड बनाकर लोगों को झांसा देकर ठगी कर रहा है. इसके बाद सिंदरी एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर छापामारी कर रविरंजन ठाकुर व उसके दो साथियों किशोर कुमार सिंह व सुहैल अली अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया. उनके पास से मोबाइल फोन, फर्जी एटीएम व सिम कार्ड, क्यूआर कोड, बैंक पासबुक, चेकबुक समेत अन्य कागजात बरामद किए गए हैं. जांच में तीनों अभियुक्तों के खाते से एक करोड़ रुपऐ से अधिक के ट्रांजेक्शन के दस्तावेज मिले हैं. जांच में यह भी पता चला है कि गिरोह का मास्टर माइंड राज्य व देश से बाहर रहकर कर ठगी की घटनाओं को अंजाम दिलाता है. छापेमारी में एसडीपीओ भूपेन्द्र प्रसाद राउत, जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा, झरिया थाना प्रभारी व जवान शामिल थे.

---

### धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने औषधि निरीक्षक रंजीत कुमार चौधरी को सम्मानित किया



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : औषधि निरीक्षक जोन दो के रंजीत कुमार चौधरी का प्रमोशन सहायक औषधि निदेशक हजारीबाग प्रमंडल के पद पर होने पर धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन द्वारा उन्हें शोल एवं पुष्प कुछ देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर रंजीत कुमार ने कहा कि धनबाद में कार्य कर के काफी अच्छा अनुभव हुआ एवं यहां के दवा दुकानदार भाई सभी मिलनसार हैं संगठन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने कहा कि रंजीत चौधरी जी का हमारा संगठन उज्वल भविष्य का कामना करता है धनबाद में उन्होंने हम दवा दुकानदार भाइयों का काफी सहयोग किया इसके लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल सचिव धीरज दास कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल संगठन सचिव नीलू सिंह उपाध्यक्ष देवेन तिवारी कार्यकारिणी के सदस्य सुनील पोद्दार गुड्डू सिंह कतरास विकास सरकार खड़खड़ी संजय श्रीवास्तव सुमंतो सेन गुप्ता रजत कुमार चिरकुंडा सतीश सिंह राजेश सिंह चंद्रशेखर गुप्ता झरिया आदि उपस्थित थे.

### जीटा क़े राजीव शर्मा क़े नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने महाप्रबंधक जेबीवीएनएल से मिलकर झरिया क़े समस्याओं को निदान क़े लिए मिला

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : धनबाद निर्माण का एक प्रतिनिधिमंडल धनबाद निर्माण जिला संयोजक सह महासचिव , झारखंड इंडस्ट्रीज एंड ट्रेड एसोसिएशन राजीव शर्मा के नेतृत्व में महाप्रबंधक, झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड अशोक कुमार सिन्हा , अधीक्षण अभियंता एस के कश्यप, धनबाद प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता शिवेंद्र, झरिया के कार्यपालक अभियंता मनीष चंद्र पूर्ति, झरिया के सहायक अभियंता आलोक करकेट्टा, झरिया के कनीय अभियंता राकेश कुमार के की उपस्थिति में झरिया की समस्याओं पर विस्तार से बिंदुवार चर्चा की गई।

राजीव शर्मा ने बताया कि इस भीषण गर्मी के दौर में झरिया प्रमंडल में 24 घंटे में बमुश्किल 8 – 10 घंटे बिजली मिल रही है, जिससे आम जन जीवन बुरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया है। व्यापार-उद्योग से लेकर छात्रों के पठन – पाठन और गृहणियों सभी पीड़ित हैं। इस स्थिति को सुधार किए जाने की आवश्यकता है।

1) झरिया सेक्शन में 1 न० एवं 3 न० का AB स्विच लंबे समय से खराब है, जिससे छोटे-छोटे मरम्मत कार्यों के लिए सभी क्षेत्रों की बिजली काट दी जाती है। हमारा आग्रह है कि इसे अविलंब बदल कर नया लगाया जाए।

इस पर महाप्रबंधक अशोक सिन्हा ने 2 दिन में स्विच बदले जाने की बात कही। इस पर अनावश्यक रोक लगाने और फेस उड़ने की स्थिति में ही सुबह एक घंटे और शाम के समय एक घंटे ही शटडाउन की बात कही

2) श्री उपेन्द्र गुप्ता ने सभी ट्रांसफॉर्मर की पीक और नॉन पीक आवर में जाँची की जाए और लोड की आवश्यकतानुसार ट्रांसफॉर्मर की क्षमता बढ़ाई जाए।जर्जर तारों को बदलने का कार्य तत्काल शुरू किया जाए और 11 KV वायर में सेफ़्टी गार्ड लगाया जाए।

सभी ट्रांसफार्मर की जांच के लिए कमेटी बनाई जाएगी और जांचा जाएगा कि किस ट्रांसफार्मर पर लोड की स्थिति क्या है, साथ ही साथ कुछ क्षेत्रों में जर्जर तारों को बदलने के लिए requisition किया जाएगा और बाजार क्षेत्रों में 11केवी के नीचे आवश्यकतानुसार गार्ड वायर लगाया जाएगा।

3) श्री शिवचरण शर्मा ने झरिया बाजार में निगम की उपलब्ध जमीन पर एक कार्यालय का निर्माण किया जाए और ATP मशीन लगाई जाए जिससे विपत्र के भुगतान में आसानी हो सके।

इसके लिए मुख्यालय को लिखा जाएगा।

5) श्री शैलेश सिंह ने भागा में सब-स्टेशन के निर्माण की पहल शुरू करने की बात कही।

इसकी जांच कर जल्द से जल्द रिपोर्ट देने का आदेश आदेश कार्यपालक अभियंता श्री मनीष चंद्र पूर्ति को दिया गया।

6) राजीव शर्मा ने बताया कि झरिया के कनीय अभियंता का मोबाईल फोन से संपर्क करना बेहद मुश्किल है और सदा व्यस्त दिखाता है, जिससे बिजली की स्थिति की जानकारी नहीं मिलती है।

# ओडिशा, पश्चिम बंगाल और बिहार के रास्ते यूपी की दिशा में बढ़ रहा है मॉनसून, झारखंड में भी परिस्थितियां अनुकूल

पोलिट लाइव रिपोर्टर



PL डेस्क नई दिल्ली - देश में मॉनसून अब रफ्तार पकड़ रहा है. मौसम विभाग के अनुसार मॉनसून अब ओडिशा, पश्चिम बंगाल और बिहार के रास्ते धीरे-धीरे यूपी की दिशा में बढ़ रहा है. मॉनसून अगले 3-4 दिनों में परिस्थितियां अनुकूल बना रहा है. मौसम विभाग के अनुसार उत्तरी अरब सागर, गुजरात, महाराष्ट्र के बाकी हिस्सों, झारखंड, बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ भागों, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बन चुकी हैं।
पूर्वोत्तर असम और उसके आसपास के इलाकों में चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है. इसका मतलब अगले पांच दिनों के दौरान असम, मेघालय, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल में गरज, वज्रपात और तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना है. 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चलेंगी. मौसम विभाग की 22 जून की रिपोर्ट पर नजर डालें तो निचले क्षोभमंडल स्तरों में बिहार और उससे सटे पूर्वी उत्तर प्रदेश के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है.

कर्नाटक, केरल, लक्षद्वीप आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु में होगी बारिश

आगामी 5 दिनों के दौरान पश्चिम बंगाल स्थित गंगा के मैदानी इलाकों सहित बिहार, झारखंड, ओडिशा, अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में वर्षा होने की संभावना बलवती है.विभाग के अनुसार कर्नाटक और केरल के तटों से समुद्र तल पर एक द्रोणिका गुजर रही है.तीन दिनों में पश्चिमी तट पर हवाएं तेज होने की संभावना है. अगले 5 दिनों के दौरान गुजरात, कोंकण, गोवा, महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं. मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़ में गरज, बिजली और तेज हवाओं के साथ भारी वर्षा होने की संभावना है. कर्नाटक, केरल, लक्षद्वीप के अलावा आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, पुडुचेरी में भी बारिश की संभावना है.

## आईसीएआई धनबाद शाखा ने की योग दिवस पर संगोष्ठी

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : आईसीएआई धनबाद शाखा ने राजकमल स्कूल के सहयोग से योग दिवस और सिकासा समिति ने आईसीएआई भवन, धनबाद शाखा में संगोष्ठी की। आईसीएआई भवन में आयोजित संगोष्ठी में कोलकाता के सीए अरिजीत चक्रवर्ती मुख्य वक्ता थे। उन्होंने छात्रों को सीए परीक्षा की तैयारी और आर्टिकलशिप पर जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में धनबाद शाखा के अध्यक्ष सीए राहुल सुरेका और उपाध्यक्ष सीए शुभम खंडेलवाल थे। राहुल सुरेका ने बताया कि योग न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में लगभग 65 छात्र उपस्थित थे, जिन्होंने संगोष्ठी से लाभान्वित होकर अपनी तैयारी को और अधिक सशक्त बनाने के लिए नई दिशा-निर्देश प्राप्त किए।

## विधानसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करेगी विनय सिंह

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : आजसू पार्टी धनबाद जिला विधानसभा प्रभारी एवम आजसू पार्टी के वरिष्ट नेता विनय सिंह जी के अध्यक्षता में बैठक होटल रेमसंस में सम्पन्न हुई बैठक में मुख्य अतिथी आजसू पार्टी धनबाद जिला अध्यक्ष सदानन्द महतो उर्फ मंटू महतो उपस्थित रहें। बैठक का संचालन धनबाद महानगर महासचिव दिलिप सिंह ने किया जिला अध्यक्ष सदानंद महतो उर्फ मंटू महतो ने कहा कि 38 वां स्थापना दिवस के दिन झारखंड में बलिदान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है झारखंड को अलग करने में आज पार्टी का बहुत बड़ा योगदान रहा




जिसमें हजारों नौजवानों ने झारखंड अलग करने में बलिदान दिया आज उन्हीं लोग को याद में बलिदान दिवस मनाया गया तथा नौजवान साथियों को समर्पित है उन लोगों को याद में आज आजसू पार्टी धनबाद विधानसभा में 51 वृक्ष लगाकर उन बलिदान नौजवानों को समर्पित करते हैं इस कार्यक्रम में उपस्थित केंद्रीय सदस्य रतिलाल महतो केंद्रीय सदस्य गुलाम हुसैन पप्पू केंद्रीय सदस्य हिरालाल महतो नगर अध्यक्ष जितू पासवान महानगर उपाध्यक्ष संतोष पासवान जिला मिडिया प्रभारी संतोष कुशवाहा जिला उपाध्यक्ष संजय महतो केंद्रीय सदस्य अजित पटेल जिला उपाध्यक्ष पंकज पटेल विनोद पासवान प्रखंड अध्यक्ष मिनी महतो बबलू पासवान जितेन्द्र कुमार दिनेश पासवान राहुल महतो गोबरधन महतो महेश दास धिरेन महतो राजेश कुमार महतो सोनू कुमार महतो मनोज कुमार महतो और अन्य लोग उपस्थित एक-एक वृक्षारोपण कर 51 पौधा मातृभूमि को समर्पित किया|



# लोकसभा निर्वाचन कार्य 2024 में उत्कृष्ट कार्य पर विभिन्न कोषांगों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को मिला जिलास्तरीय सम्मान







पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : लोक सभा आम निर्वाचन 2024 संपन्न होने के पश्चात निर्वाचन कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने के आलोक में विभिन्न कोषांगों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के लिए जिलास्तरीय सम्मान समारोह - सह - वनभोज का आयोजन बिरसा मुंडा पार्क , धनबाद में आयोजित की गई। प्रशिक्षण कोषांग के दिलीप कर्ण के अतिरिक्त राज कुमार वर्मा , संजय कुमार , उमेश लाल एवं कुमार वंदन जी के साथ कुल 5 लोगों का चयन उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह - उपायुक्त धनबाद द्वारा सम्मानित किया गया।



इस सम्मान समारोह में सभी सम्मानित सदस्यों ने कहा की सभी के लिए एक गौरवशाली पल रहा,कार्यक्रम का एंकरिंग दिलीप कर्ण ने किया, सम्मान प्रशिक्षण कोषांग के संतोष गुप्ता तथा समस्त सहयोगी कर्मियों के लिए समर्पित है जिनके अथक प्रयासों से इस वर्ष लोक सभा निर्वाचन का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो पाया । प्रशिक्षण कोषांग के सभी कर्मियों को बधाई।

## पंख की नई दिशा चैरिटेबल ट्रस्ट ने हिन्दू मिशन स्कूल, माडा कॉलोनी में अनाथ बच्चों को खेल समाग्री के साथ केक चॉकलेट बिस्कुट आदि उपहार दिया

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : पंख की नई दिशा चैरिटेबल ट्रस्ट की उपाध्यक्ष नम्रता गुप्ता जी ने अपने बेटे के जन्मदिन पर हिन्दू मिशन स्कूल, माडा कॉलोनी, हीरापुर मे अनाथ बच्चों के बीच चाऊमीन मंचूरियन, समोसा, मिठाइयां, चॉकलेट और फ्रूटी बांटी और खेलने के लिए बैट,बॉल, विकेट भी दिया गया। नम्रता गुप्ता जी की ये पहल बहुत ही सराहनीय है आज नम्रता जी वजह से अनाथ बच्चों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। बच्चों की खुशी देखकर पंख एक नई दिशा के सभी सदस्यों के चेहरे पर खुशी छा गई इस नेक कार्य में अध्यक्ष पिंकी गुप्ता, सुषमा प्रसाद, सुधा गुप्ता, गुंजन गोयल,भारती दुबे,शशि शेखर गुप्ता,मनीष गुप्ता, गायत्री गुप्ता,शिव शंकर गुप्ता, गणेश सिंह आदि मौजूद थे।

## धनबाद डीआरएम ऑफिस में लगाई गई नई लिफ्ट, दिव्यांग कर्मी ने रिबन काटकर किया उद्घाटन

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा की उपस्थिति में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, धनबाद में एक दिव्यांग कर्मचारी द्वारा रिबन काटकर लिफ्ट का उद्घाटन किया गया और इसके उपयोग की शुरुआत की गई। यह लिफ्ट 844 किलोग्राम वजन के साथ



दूसरी मंजिल तक जा सकती है। इस नई सुविधा के शुरू होने से मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में कार्यरत दिव्यांग कर्मचारी, बुजुर्ग कर्मचारी एवं महिलाएं बड़ी आसानी से अपने कार्यस्थल तक पहुंच सकेंगे। इस अवसर पर मंडल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे। नई लिफ्ट के उद्घाटन से कर्मचारियों में उत्साह का माहौल है और इसे कार्यालय की प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।






# लोदना 9 नंबर साइडिंग के असंगठित मजदूरों ने बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के नेतृत्व में 1000 अतिरिक्त वेतन की मांग पर डिस्पैच का काम बंद कर आंदोलन पर चले गए

पोलिट लाइव रिपोर्टर

तिसरा : ₹1000 असंगठित मजदूरों का अतिरिक्त वेतन अप्रैल माह से देने की मांग को लेकर लोदना क्षेत्र के 9 नंबर साइडिंग के असंगठित मजदूरों ने बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के नेतृत्व में डिस्पैच का काम बंद कर आंदोलन पर चले गए असंगठित मजदूरों के आंदोलन पर जाने से रैंक लोडिंग एवं ट्रांसपोर्टिंग ठप हो गई है हालांकि प्रबंधन और ठेकेदार की ओर से दूरभाष से बढ़ता हुई लेकिन समाचार लिखे जाने तक आंदोलन जारी है।



नेतृत्व कर रहे क्षेत्रीय सचिव शिवकुमार सिंह ने कहा कि 2023 में यूनियन और प्रबंधन एवं ठेकेदार के बीच त्रिपक्षीय वार्ता हुई थी जिसमें तय हुआ था की इस साइडिंग के असंगठित मजदूरों का अप्रैल 24 से₹1000 अतिरिक्त बढ़ाया जाएगा अभी 12000 रुपया मजदूरी मिलता है जो काम है वादा खिलाफी किया इसीलिए हम लोग काम बंद कर दिए हैं जब तक हमारी मांग पूरा नहीं होगा आंदोलन जारी रहेगा प्रबंधन और ठेकेदार के खिलाफ प्रदर्शन एवं नारेबाजी की गई। मौके पर मनोज पासवान ,रामवृक्ष धारी, विनोद पासवान ,देवनंदन, दिनेश, संजय निषाद ,मधु बनर्जी, उमेश पासवान, सुरेश भुइयां, मोहन भुइयां आदि लोग थे।

## इलाज के दौरान कोल कर्मी की मौत

### नियोजन के लिए परिजन ने शव के साथ किया प्रदर्शन

- बीसीसीएल के केसी सब स्टेशन में कार्यरत था मृतक सुरेश
- मृतक के पुत्र को मिला प्रोविजनल नियोजन

पोलिट लाइव रिपोर्टर

कतरास: बीसीसीएल के कतरास चैतुडीह कोलियरी के टू पिट स्थित रीजनल विद्युत सब स्टेशन में असिस्टेंट फोरमैन के पद पर कार्यरत 48 वर्षीय सुरेश कुमार की मौत शुक्रवार रात हो ग ई। बीते दो म ई को कार्यस्थल पर उसकी तबीयत बिगड़ ग ई थी। उसी समय से वह कोलकाता में इलाजरत था। वह पासीटांड कालोनी का रहने वाला था। इधर शनिवार को मृतक के परिजन तथा विभिन्न श्रम संगठन के नेता शव लेकर सब स्टेशन पहुंचे और प्रदर्शन किया। वे मृतक के आश्रित को नियोजन देने की मांग कर रहे थे। घंटों बाद तेतुलमारी स्थित कतरास क्षेत्रीय कार्यालय में प्रबंधन के साथ यूनियन प्रतिनिधियों की वार्ता हुई, जिसमें मृतक के पुत्र प्रिंस कुमार को प्रोविजनल नियोजन दिया गया। इसके बाद परिजन शव लेकर पासीटांड कालोनी आए। परिजनों ने बताया कि सुरेश दो म ई को द्वितीय पाली में ड्यूटी ग ए थे, जहां उसकी तबीयत खराब हो ग ई। उपचार के लिए सुरेश को केंद्रीय अस्पताल धनबाद ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए असर्फी अस्पताल रेफर कर दिया। असर्फी में कुछ दिन इलाज चलने के बाद भी स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर चिकित्सक ने कोलकाता के धातुरिया स्थित मनीपाल आमरी रेफर कर दिया, लेकिन वहां उसकी सांसें थम ग ई। वार्ता में बीसीसीएल अधिकारियों के अलावा श्रमिक नेताओं में लक्ष्मण महतो, राममूर्ति सिंह, रामचंद्र पासवान, प्रदीप महतो, रामबचन पासवान, अजय पासवान, वीरेंद्र राम, पुष्पा रजक, जवाहर पासवान, नागेश्वर पासवान, मदन पासवान, संतोष गिरी आदि शामिल थे। मृतक सुरेश का शव बीसीसीएल के आवासीय कालोनी पासीटांड लाया गया। शव पहुंचते ही कालोनी में मातम पसर गया।

## चासनाला में बिजली मिस्त्री के घर हजारों की चोरी



पोलिट लाइव रिपोर्टर

चासनाला: बिजली मिस्त्री सेख टोनी के घर से हजारों की चोरी, बकरीद में गए थे परिवार संग ससुराल पाथरडीह थाना क्षेत्र के चासनाला आजाद नगर निवासी सेख टोनी के घर से अज्ञात चोरो ने ताला तोड़ घर में प्रवेश किया और हज़ारो का सामान लेकर उड़ गए.सेख टोनी ने मीडिया को बताया की बकरीद में परिवार संग ससुराल गए थे लौटे तो पता चला कि घर में चोरी हुई है। स्थानीय लोगो ने बताया की क्षेत्र में नशा का कारोबार जोरो पर है। नशा पूर्ति हेतु नव युवक चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं।



# सिखों के छठे गुरु श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज का 430वा प्रकाश पर्व सिंदरी गुरुद्वारा साहिब में मनाया गया

पोलिट लाइव रिपोर्टर



सिंदरी: सिंदरी गुरुद्वारा साहिब में सिखों के छठे गुरु श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज का 430वा प्रकाश पर्व मनाया गया। संगत ने गुरु साहिब के सामने मत्था टेका। सबद कीर्तन किया गया उसके उपरांत अरदास हुई और गुरु का लंगर जिसमे मिस्सी रोटी,लस्सी, आचार और गंडा (प्याज) वरताया गया। माना जाता है की जब गुरु अर्जन देव जी को बहुत समय तक संतान की प्राप्ति नहीं हुई, तो उन्होंने अपनी पत्नी माता गंगा जी को बाबा बुड्ढा जी से आशीर्वाद लेकर आने को कहा। माता गंगा जी तरह-तरह के स्वादिष्ट पकवान बनाकर अपने सेवकों के साथ सवारी में बैठकर बाबा जी के पास पहुंची। उन्हे आता हुआ देख बाबा बुड्ढा जी ने कहा कि मैं तो गुरुओं का दास हूं,आशीर्वाद देने की क्षमता तो स्वयं गुरु जी में ही है। यह सुनकर माता जी निराश होकर खाली हाथ वापस लौट गई। जब गुरु अर्जन देव जी को यह पता लगा, तो उन्होंने माता गंगा जी को समझाया तो अगली बार गुरुपत्नी मिस्सी रोटी, प्याज और लस्सी लेकर नंगे पांव गयीं, तो बाबा बुड्ढा जी ने हर्षित होकर भरपूर आशीष दी, जिसके प्रताप से हरगोविन्द जी जैसा तेजस्वी बालक उनके घर में जन्मा। तब से बाबा बुड्ढा जी के जन्मदिवस पर उनके जन्मग्राम कथू नंगल(पंजाब) में बने गुरुद्वारे में मिस्सी रोटी, प्याज और लस्सी का लंगर ही वितरित किया जाता है। संगत में जोगिंदर सिंह जगदेव सिंह कुलबीर सिंह गुरचरण सिंह पदम गुरचरण सिंह कुलबीर सिंह हरेंद्र सिंह बलबीर सिंह राजा तगड़ लख जीत सिंह जगदेव सिंह सुरेंद्र पाल सिंह जसपाल कौर हरभजन कौर हरजीत कौर रुपिंदर कौर रीटा कौर हरजीत कौर सरबजीत कौर बेबी कौर गुरप्रीत कौर प्रीति कौर देवेंद्र कौर कुलवंत कौर हरजीत कौर रूपिंदर कौर शामिल हुए।

## अधिकारियों ने योजनाओं का किया निरीक्षण



पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुरः जिला परियोजना पदाधिकारी मनोज कुमार ने शनिवार को बलियापुर प्रखंड के बड़ादाहा पंचायत के दर्जनों योजनाओं का निरीक्षण किया। योजना पदाधिकारी ने जांच के दौरान अबुआ आवास, बिरसा कूप, मनरेगा के तहत आम बागवानी, दीदी बाड़ी योजना का निरीक्षण करते हुए लाभुकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। अबुआ आवास निर्माण कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। आम बागवानी के लिए गड्ढा खोदने एवं बिरसा कूप निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। मौके पर बीपीओ विशाल कुमार, मुखिया प्रतिनिधि शेखर महतो, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक एवं स्वयंम सेवक आदि मौजूद थे।

## मृतक के परिवार से बेलगड़िया में मिली रागिनी सिंह, मुआवजा दिलाने का दिया आश्वासन

पोलिट लाइव रिपोर्टर



झरिया: बरवाअड्डा स्थित लोहारबरवा के समीप जीटी रोड पर मंगलवार की देर रात हाइवा और कार की जोरदार टक्कर से भीषण सड़क हादसे में बेलगड़िया के दो युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी। शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रागिनी सिंह बेलगड़िया कॉलोनी में दोनों मृतक के परिवार से मिलकर घटना पर दुख जताते हुए उन्हें अपनी गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त की। जहां परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। वहीं रागिनी सिंह ने उन्हे हर संभव सहायता करने की बात कही। वहीं रागिनी सिंह ने प्रशासन के ढीले रवैये पर सवाल उठाया। उन्होंने बताया कि प्रशासन यदि अपना काम ठीक से करती तो आज गाड़ी को बरामद कर लिया जाता और उचित कार्रवाई होती। इस दौरान परिजनों समेत कई अन्य मौजूद रहे।

## आजसू पार्टी ने खरखरी स्थित सांसद आवासीय कार्यालय मे वृक्षारोपण कर 38 वां स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाया

पोलिट लाइव रिपोर्टर




कतरास : मधुबन थाना क्षेत्र अंतर्गत आजसू पार्टी ने खरखरी बाजार स्थित सांसद आवासीय कार्यालय में आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष राकेश गयाली की के अध्यक्षता में पार्टी अपना 38 वां स्थापना दिवस मनाया।इस अवसर पर पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। पार्टी के स्थापना दिवस पर आजसू पार्टी के जिला के प्रधान सचिव गिरिडीह लोकसभा सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के सांसद प्रतिनिधि रामा शंकर तिवारी ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण को शुद्ध रखने का संकल्प भी लिया। श्री तिवारी ने लोगों को बताया की आज यानी 22 जुन 1986 को आजसू पार्टी की स्थापना की गई थी पार्टी के संस्थापक सदस्य शहीद निर्मल महतो, सूर्य सिंह बेसरा, विमल कश्यप, ललित महतो, झारखंड की पिछली राजनीतिक पार्टियों से निराश थे और झारखंड राज्य अलग करो आंदोलन को और अधिक उग्र आंदोलन चाहते थे।इस उद्देश्य को लेकर 22 जून 1986 को ऑल असम स्टूडेंट यूनियन के तर्ज पर आजसू पार्टी (ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन) पार्टी का गठन हुआ। आज 22 जून शनिवार को आजसू पार्टी ने इस स्थापना दिवस को युवाओं को समर्पित करते हुए "बलिदान दिवस" के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर पार्टी राज्य के सभी इक्कासी विधानसभा क्षेत्र में बलिदान दिवस के रूप में कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। कार्यक्रम के दौरान पार्टी प्रदेश के युवाओं को झारखंड अलग राज्य आंदोलन की पीड़ा वेदना, संघर्ष, जज्बे और बलिदान से अवगत कराने के उद्देश्य और आंदोलन के ऐतिहासिक तथा गौरवशाली इतिहास से युवाओं को रूबरू कराने का काम कर रही है। इसके साथ ही कार्यक्रम में आजसू झारखंड अलग राज्य आंदोलन में अपना अतुल योगदान देने वाले सभी आंदोलनकारी को सम्मानित भी करेगी । युवाओं के बीच इस सम्मान कार्यक्रम का उद्देश्य झारखंड राज्य अलग करो से जुड़े आंदोलनकारी के बहुमूल्य विचारों को एकत्रित करके क्षेत्र के युवाओं के अंदर राज्य के लिए एक नवीन ऊर्जा का संचार करना है। बलिदान दिवस के दिन पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए खरखरी और आस पास के इलाकों में लगभग सौ से भी ज्यादा पेड़ आज लगाए गए। बहुत से लोगों को एक एक पेड़ देकर अपने घर के पास लगाने और उसकी देख भाल करने का आग्रह भी किया गया जिससे आने वाले समय में हीट वेव से बचा जा सके। इस लिए हर विधानसभा में पौधारोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। इस कार्यक्रम मुख्य रूप से आज पार्टी के धनबाद जिला के प्रधान सचिव सह सांसद प्रतिनिधि रामा शंकर तिवारी, मनीष सिंह, आशीष तिवारी, प्रखंड अध्यक्ष राकेश गयाली, प्रखंड सचिव प्रेम तिवारी विकास सरकार, राजीव सिंह, गौतम गोप, गुड्डी चौहान, त्रिभुवन चौहान ,जीतन नापित ,मनोज पांडे ,बबलू नापित ,मिथिलेश चौहान, रवि ठाकुर, गौतम गोप, मुकेश महतो, दीपक रवानी, जितेंद्र साहू, वीरू सिंह, चंदन सिंह, मानिक रजक, अनीश सिंह, सहदेव कर्मकार, चिराग पासवान, बबलू प्रमाणिक, शेख बंटी, अजय पासवान आदि उपस्थित थे।

# रात के अंधेरे में धड़ल्ले से चल रहा है अवैध बालू का खेल..

## ना प्रशासन का डर और ना ही कार्यवाही का खौफ

संवाददाता - ए. बी सिद्दीकी



गोड्डा (पोलिट लाइव रिपोर्टर) : हनवारा थाना क्षेत्र में रात के अंधेरे में अवैध बालू का काला कारोबार बदस्तूर जारी है। एक बार फिर बालू माफिया प्रशाशन को चुनौती देते हुए बेखौफ बालू का अवैध कारोबार चला रहे हैं। एक तरफ जिला प्रशासन हर तरह के अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने को लेकर कड़े निर्देश जारी कर रहा है। ताकि किसी भी सूरत में अवैध परिवहन पर पूर्ण अंकुश लग सके लेकिन ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है वही इसके विपरीत हनवारा के स्थानीय हूक्मरानो बिना किसी परवाह के बालू का अवैध परिवहन कर रहे हैं। दूसरी ओर ट्रेक्टर की रफ्तार साफ बताती है बालू माफियो का मजबूत गठजोड़ एवं सांठगांठ भी चल रहा है जिनके मजबूत रिश्तों के समक्ष जिला प्रशासन के आदेश भी धरे के धरे रह जाते है एवं जमकर रोजाना ट्रैक्टरों का रात के अंधेरे में अवैध बालू का परिवहन बिना रोक टोक से किया जा रहा है व ट्रैक्टर का कारवां आगे निकल जाता है। वही पूरे मामले पर थाना प्रभारी से जब दूरभाष से बात करने की कोशिश की गई तो वो फ़ोन रिसीव नही किये जो स्थानीय प्रशासन पर कई सवाल खड़ा करती है।

अब सवाल यह उठता है आखिर कबतक रात के अंधेरे में यह अवैध परिवहन चलता रहेगा आखिर कबतक स्थानीय प्रशासन चुप्पी साधे बैठे रहेंगे आखिर क्यों स्थानीय प्रशासन द्वारा इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया जाता। क्या ज़िला प्रशासन इस अवैध परिवहन पर रोक लगा पाएगी या उनके सामने यह चुनौती बनकर ही रह जाएगी।

## स्वास्थ्यकर्मी राजीव झा के असामयिक निधन पर बुद्धिजीवियों एवं समाजसेवियों ने एक शोक- सह- श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन




पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोड्डा : सदर अस्पताल गोड्डा के ओ टी इंचार्ज व आम लोगों के बीच बेहद लोकप्रिय स्वास्थ्यकर्मी राजीव झा के असामयिक निधन पर शनिवार शाम स्थानीय बुद्धिजीवियों एवं समाजसेवियों ने एक शोक- सह- श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर स्व० झा को दी भावभीनी श्रद्धांजलि।

## ओलंपिक दिवस के अवसर पर धनबाद में आयोजित होंगे सप्ताह व्यापी खेल कार्यक्रम




पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : झारखंड ओलम्पिक संघ के तत्वाधान में 23 से 29 जून तक जिले में आयोजित होंगे कई खेल कार्यक्रम. धनबाद जिला ओलंपिक संघ द्वारा आयोजित होने वाले इस सप्ताह व्यापी खेल आयोजन के दौरान दिनांक 23 जून को झरना पाड़ा वॉलीबाल स्टेडियम में वॉलीबाल का प्रदर्शनी मैच का आयोजन होगा उसके बाद प्रत्येक दिन जिले के अलग- अलग क्रीडास्थल पर विभिन्न खेलों का आयोजन होगा जिसमें दून पब्लिक स्कूल में कबड्डी, खो-खो तथा तैराकी का आयोजन निर्धारित है जबकि रोलर स्केटिंग तथा रस्साकसी की स्पर्धा का आयोजन मोंटफोर्ट अकादमी, राजगंज तथा आमाघाटा में होगा।

# बलियापुर अंचल के आसनबनी में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

पोलिट लाइव रिपोर्टर







सिंदरी: स्टील अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया लिमिटेड एवं कल्याणेश्वरी टसरा माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में निगमित सामाजिक दायित्व (सी एस आर) के तहत निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन बलियापुर अंचल के ग्राम आसनबनी में किया गया। शिविर का शुभारंभ बिरसिंहपुर पंचायत के मुखिया श्री रांगा किस्कू की उपस्थिति में प्रातः १० बजे किया गया तथा शाम ४ बजे तक जांचोपरांत निशुल्क दवा वितरण की सेवा दी गयी।

शिविर में अलग - अगल रोग से ग्रषित ६७ लोगों ने जांच एवम उपचार कराया जिसमें ३८ महिलाये और २९ पुरुष लाभान्वित हुवे।

शिविर में उपस्थित श्री रंगा किस्कू जी, श्री गौतम महतो जी एवम अन्य ग्रामिणजनो ने सेल तथा के टी एम पी एल के इस प्रयास की सराहना की एवम भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक कार्य होते रहने की इच्छा प्रकट की। इस पर के टी एम पी एल के सी एस आर प्रभारी अमितेश चंद्र ने बताया की भविष्य में भी शिक्षा, स्वास्थ्य संबंधी सामाजिक विकास के कार्य किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में श्री चिट्टी बाबू , श्री मनीष रंजन, श्री अली जी, श्री अरुण सहुलियार, श्री अभिजीत मिश्रा, श्री नरेश महतो एवम अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# रोते बिलखते बच्चे कहते रहे माँ हमलोगों को छोड़कर मत जाओ, माँ फिर भी नही रुकी, हवस की भूखी औरत बच्चे को छोड़ प्रेमी को अपनाया

**ग्रामीणों ने दोनों को एक साथ बाथरूम से आपत्तिजनक स्थिति में पकड़कर किया था पुलिस के हवाले**

पोलिट लाइव रिपोर्टर




कतरास : दो बच्चों की मां और एक युवक को एक साथ बाथरूम में आपत्तिजनक स्थिति में ग्रामीणों ने पकड़कर जोगता थाना के सुपुर्द किया ,जहाँ महिला ने अपने पति के साथ रहने के लिए इनकार करते हुए प्रेमी के साथ जीवन बिताने की जिद पर अड़ गयी ।जिसे देखते हुए गांव समाज के प्रबुद्ध लोग तथा महिला का पति ने भी उसे प्रेमी के साथ रहने की सहमति दे दी, वही 30 वर्षीय महिला सोनिया देवी की 8 वर्षीय बेटी और 6 वर्षीय बेटा का रो रो कर बुरा हाल है वह अपनी माँ को छोड़ नही पा रहा था बार बार अपनी माँ को छोड़कर नही जाने की बात कह रहा था ,फिर भी उस हवस की भूखी औरत को दया नही आया और रोते बिलखते बच्चे को छोड़ प्रेमी 24 वर्षीय युवक सूरज रविदास को अपनाया

घटना शनिवार को जोगता थाना क्षेत्र के नया श्यामबाजार के रैदास कॉलोनी का है

मामले को लेकर स्थानीय पुलिस ने बताया कि दोनो को न्यायालय जाने को कहा गया है

# विधायक श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह का जन्मदिवस

**महागामा प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में मनाया गया**



पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोड्डा :महागामा प्रखंड कांग्रेस कार्यालय परिसर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया महागामा माननीय विधायक श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह का जन्मदिवस। मौके पर एक दूसरे ने विधायक महोदया को वीडियो कॉल के जरिए बधाई दिए। वही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सभी के बीच केक मिठाई और बच्चों के बीच कॉपी पेंसिल बॉक्स आदि वितरण किया गया..